आकाशवाणी शिमला

28.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

हिमाचल मौसम

प्रदेश में लगातार हो रही भारी वर्षा व हिमपात से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। भारी बर्फबारी व भू–स्खलन से राज्य में 2 सौ से अधिक सड़कों पर यातायात अवरूद्ध है जबकि अढ़ाई सौ से अधिक बिजली ट्रांसफार्मर भी ठप्प हो गए हैं। वहीं अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी वर्षा व हिमपात से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और कई स्थानों पर भू–स्खलन व जनजातीय क्षेत्रों में ग्लेशियर खिसकने की घटनाएं भी हुई हैं। चम्बा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी की कुमार पंचायत में ग्लेशियर की चपेट में आने से 3 लोग बमुश्किल बहते–बहते बचे। इनमें से एक को गम्भीर चोट आई है। इस घटना में एक मकान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पांगी घाटी में साढ़े तीन फुट से अधिक ताजा बर्फबारी हुई है। पर्यटन नगरी मनाली में भी लगभग एक फुट हिमपात हुआ है। कुल्लू जिला में पहनाला में बादल फटने से दर्जनों वाहन बाढ़ के मलबे में दब गए जबकि सरवरी नदी का पानी स्थानीय पार्किंग में भर जाने से कई गाड़ियां वहां फंस गई हैं। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों लाहौल स्पिति, किन्नौर, पांगी, भरमौर, और डोडरा क्वार का सम्पर्क शेष विश्व से कटा हुआ है वहीं व्यापक वर्षा से नदी–नालों का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों से नदी नालों के समीप न जाने और एहतियात बरतने की अपील की है। इस बीच मौसम विभाग ने आज रात भी प्रदेश में भारी वर्षा व बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

कांग्रेस–सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस मुख्यालय में रजनी पाटिल से मुलाकात की और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रजनी पाटिल हिमाचल की राजनीति से वाकिफ रही हैं और उनके अनुभव का पार्टी को फायदा मिलेगा।

रजनी पाटिल

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन जल्द ही कर लिया जाएगा। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस संगठन पैरालाईज्ड नहीं है और केन्द्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद प्रदेश में कांग्रेस की मजबूत सरकार बनी है। रजनी पाटिल अपने दो दिवसीय प्रदेश दौरे के दौरान मुख्यमंत्री, उप–मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बैठकें कर फीडबैक लेंगी। उन्होंने बताया कि ये रिपोर्ट पार्टी हाईकमान को सौंपी जाएगी। पाटिल ने कहा कि हाईकमान ने कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए उन्हें शिमला भेजा है।

वर्षा–एहतियात

लगातार हो रही वर्षा के बाद नदी–नालों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। मण्डी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि ब्यास नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बर्फ पिघलने और लगातार हो रही वर्षा से पंडोह जलाशय में बढ़ते जलप्रवाह को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से ब्यास नदी के समीप न जाने और एहतियात बरतने की अपील की है।

उधर किन्नौर जिले में भारी हिमपात व भू–स्खलन से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सभी सम्पर्क सड़कें यातायात के लिए बंद हो गई हैं। राष्ट्रीय उच्च मार्ग–5 पर भी यातायात बाधित है। आसरंग, कल्पा, रिकांगपिओ और अन्य स्थानों पर आधा फुट से तीन फुट तक ताजा बर्फबारी रिकार्ड की गई है।

मंदिर पैसा

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मंदिरों का पैसा सरकारी योजनाएं चलाने के लिए खर्च करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट झेल रही राज्य सरकार ने दो फ्लैगशिप योजनाएं चलाने के लिए मंदिरों से जमा राशि देने को कहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाषा कला व संस्कृति विभाग के सचिव की ओर से अनेक जिलों के उपायुक्तों को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। इस पत्र में सुख शिक्षा योजना और मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के लिए अंशदान देने को कहा गया है। जयराम

ठाकुर ने कहा कि मंदिरों का पैसा आपदा या मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए खर्च किया जाता है ऐसे में सरकारी योजनाएं चलाने के लिए मंदिरों से पैसा मांगना दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस बीच राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि अच्छे कार्य के लिए मंदिरों से पैसे लेने में कोई बुराई नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने भी कोविड के दौरान मंदिरों से पैसा लिया था।

नमस्कार।